छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 24 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 5, 1932)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य, प्रदेश में वनौषधि बोर्ड में व्याप्त अनियमितता की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री नंद कुमार पटेल, डॉ. शक्राजीत नायक, सदस्य, जिला रायगढ़ व जशपुर के मजदूरों को प्रदेश के बाहर ठेकेदारों द्वारा बंधक बनाये जाने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री सेवकराम नेताम, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री परेश बागबाहरा, सदस्य, खल्लारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

- (i) ग्राम घोघरा से ठाकुरदिया मार्ग पर पुल निर्माण करने,
- (ii) ग्राम गहनाघाटा-चौकबेड़ा मार्ग पर पुल निर्माण करने,
- (iii) बागबाहरा में 50 बिस्तर अस्पताल भवन निर्माण करने,
- (vi) ग्राम खैरट-मोखा-बाघामुड़ा-मुनगासेर मार्ग का डामरीकरण करने,
- (v) ग्राम गड़बेड़ा में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,
- (vi) ग्राम परसुली में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,
- (vii) ग्राम सुअरमाल-बसुलाडबरी-मोंगरापाली मार्ग का डामरीकरण करने,
- (viii) बागबाहरा में फिल्टर प्लांट निर्माण करने,

क्रमश: 2

(2) श्री दूजराम बौद्ध, सदस्य, पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम रहौद से रीवापार-कोड़ाभाट तक पक्की सड़क एवं नाले पर पुल निर्माण करने,

(ii) ग्राम भैंसों में हाईस्कूल खोलने,

(iii) ग्राम खोरसी मुख्य मार्ग से हड़हा-सिंघल द्वीप-पड़रिया तक पक्की सड़क एवं नाले पर पुल निर्माण करने,

(vi) ग्राम चण्डिपारा से हेड़सपुर-सिल्ली तक पक्की सड़क निर्माण करने,

(v) ग्राम धरदेई से भखरा-पड़रिया तक पक्की सड़क एवं नाले पर पुल निर्माण करने,

(vi) ग्राम कटौद से करमदी तक पक्की सड़क एवं नाले पर पुल निर्माण करने,

(vii) ग्राम बोरसी में हाईस्कूल खोलने,

(viii) कसडोल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोयदा में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने,

(ix) कसडोल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोयदा के पास शिवनाथ नदी में एनीकट निर्माण करने,

(3) डॉ. हरिदास भारद्वाज, सदस्य, सराईपाली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम बैगनडीह-सेमलिया-केजुवां के मध्य सेमलिया नाले पर एनीकट निर्माण करने तथा

(ii) ग्राम मुड़पहरा से बरडीह मार्ग में सेमलिया नाले पर पुल निर्माण करने,

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर श्री देवजी भाई पटेल, सदस्य द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2011 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा(क्रमश:):-

"महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं."

रायपुर

दिनांक 23 फरवरी, 2011

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.